**भारत सरकार**
**संस्कृति मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1040**
**उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 02 दिसंबर, 2024**
**11 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति का 46वां सत्र**

**1040. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के उन विरासत स्थलों की कुल संख्या का राज्य-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है, जिन्हें विश्व धरोहर संपत्तियों का दर्जा दिया गया है;

(ख) क्या भारत की अध्यक्षता में यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति का 46वां सत्र (21-31जुलाई,2024) नई दिल्ली में आयोजित किया गया था;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त सत्र में किन-किन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई;

(घ) क्या भारत ने अपने किसी स्थल को विश्व धरोहर संपत्तियों की सूची में शामिल करने के लिए नामांकन दस्तावेज भेजा है; और

(ङ) यदि हां, तो उनके नाम और अवस्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संस्कृति और पर्यटन मंत्री**
**( श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत )**

(क): वर्तमान में, भारत में 43 विश्व धरोहर संपतियां हैं। इन संपतियों की सूची **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(ख) और (ग): जी, हां । विश्व धरोहर समिति की 46वीं बैठक 21 जुलाई से 31 जुलाई तक नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। कार्यसूची जिस पर चर्चा की गई, का ब्यौरा **अनुबंध-II** के रूप में संलग्न है। इस बैठक में "**मोइदम-अहोम राजवंश की टीला दफन पद्धति,चराईदेव, असम**" के डोजियर को भारत की 43वीं विश्व धरोहर संपति के रूप में शामिल किया गया है ।

(घ)और (ङ): जी, हां । भारत ने वर्ष 2024 में भारत के मराठा मिलिट्री लैंडस्केप का क्रमिक नामंकन के लिए नामांकन डोजियर प्रस्तुत किया है। नामांकित संपति में महाराष्ट्र और तमिलनाडु राज्यों के विभिन्न भौगोलिक और प्राकृतिक-भौतिक संबंधी क्षेत्रों में स्थित 12 घटक शामिल हैं। इन घटकों में साल्हेर किला, शिवनेरी किला, लोहागढ़, खन्डेरी किला, रायगढ़, प्रतापगढ़, स्वर्णदुर्ग, पनहाला किला, विजयदुर्ग, सिंधुदुर्ग और जिंजी किला शामिल हैं।

अनुबंध- I

लोकसभा में दिनांक 02.12.2024 को उत्तार्थ अतारांकित प्रश्न सं.1040 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

भारत: विश्व धरोहर स्थल

| क्रम सं. | स्थल | राज्य | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1. | आगरा किला | उत्तर प्रदेश | 1983 |
| 2. | अजंता की गुफाएं | महाराष्ट्र | 1983 |
| 3. | एलोरा की गुफाएं | महाराष्ट्र | 1983 |
| 4. | ताज महल | उत्तर प्रदेश | 1983 |
| 5. | महाबलीपुरम में स्मारकों का समूह | तमिलनाडु | 1984 |
| 6. | सूर्य मंदिर ,कोणार्क | ओडिशा | 1984 |
| 7. | काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान | असम | 1985 |
| 8. | केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान | राजस्थान | 1985 |
| 9. | मानस वन्यजीव अभयारण्य | असम | 1985 |
| 10. | चर्च और कॉन्वेंट | गोवा | 1986 |
| 11. | फतेहपुर सीकरी | उत्तर प्रदेश | 1986 |
| 12. | हम्पी में स्मारकों का समूह | कर्नाटक | 1986 |
| 13. | खजुराहो स्मारक समूह | मध्य प्रदेश | 1986 |
| 14. | एलीफेंटा गुफाएं | महाराष्ट्र | 1987 |
| 15. | गंगईकोंडाचोलपुरन और दारासुरम में महान जीवंत चोल मंदिर | तमिलनाडु | 1987और 2004 |
| 16. | पत्तदकल में स्मारकों का समूह | कर्नाटक | 1987 |
| 17. | सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान | पश्चिम बंगाल | 1987 |
| 18. | नंदा देवी और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान | उत्तराखंड | 1988और 2005 |
| 19. | साँची में बौद्ध स्मारक | मध्य प्रदेश | 1989 |
| 20. | हुमायूं का मकबरा | दिल्ली | 1993 |
| 21. | कुतुब मीनार और उसके स्मारक | दिल्ली | 1993 |
| 22. | 22क भारतीय पर्वतीय रेलवे (दार्जिलिंग)<br>22ख नीलगिरि<br>22ग कालका - शिमला | पश्चिम बंगाल<br>तमिलनाडु<br>हिमाचल प्रदेश | 1999<br>2005<br>2008 |
| 23. | बोधगया में महाबोधि मंदिर परिसर | बिहार | 2002 |
| 24. | भीमबेटका के शैलाश्रय | मध्य प्रदेश | 2003 |
| 25. | चंपानेर -पावागढ़ पुरातत्व पार्क | गुजरात | 2004 |
| 26. | छत्रपति शिवाजी टर्मिनस(पूर्व में विक्टोरिया टर्मिनस) | महाराष्ट्र | 2004 |
| 27. | लाल किला परिसर | दिल्ली | 2007 |
| 28. | जंतर मंतर ,जयपुर | राजस्थान | 2010 |
| 29. | पश्चिमी घाट | कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु | 2012 |
| 30. | राजस्थान के पहाड़ी किले<br>30क चित्तौड़गढ़<br>30 ख कुंभलगढ़<br>30ग जैसलमेर<br>30 घ रणथम्भौर | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 30ङ. आमेर<br>30च गगरोन | राजस्थान | 2013 |
| 31. | पाटण में रानी-की-वाव (रानी की बावड़ी) | गुजरात | 2014 |
| 32. | ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क संरक्षण क्षेत्र | हिमाचल प्रदेश | 2014 |
| 33. | नालंदा में नालंदा महाविहार  पुरातात्विक स्थल | बिहार | 2016 |
| 34. | ली कोर्बुसिए का वास्तुशिल्प कार्य ,आधुनिक आंदोलन में एक उत्कृष्ट योगदान | चंडीगढ़ | 2016 |
| 35. | कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान | सिक्किम | 2016 |
| 36. | ऐतिहासिक शहर अहमदाबाद | गुजरात | 2017 |
| 37. | मुंबई के विक्टोरियन गोथिक और आर्ट डेको समूह | महाराष्ट्र | 2018 |
| 38. | जयपुर शहर | राजस्थान | 2019 |
| 39. | धोलावीरा  :एक हड़प्पा शहर | गुजरात | 2021 |
| 40. | काकतीय रुद्रेश्वर (रामप्पा ) मंदिर | तेलंगाना | 2021 |
| 41. | शांतिनिकेतन ,भारत | पश्चिम बंगाल | 2023 |
| 42. | होयसल का पवित्र समूह | कर्नाटक | 2023 |
| 43. | मोइदम  -अहोम राजवंश की टीला-दफ़नाने की प्रणाली | असम | 2024 |

अनुबंध- II

**लोकसभा में दिनांक 02.12.2024 को उत्तार्थ अतारांकित प्रश्न सं.1040 के भाग (ख औ ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**विश्व विरासत समिति के 46वें सत्र की अनंतिम कार्यसूची (नई दिल्ली, 2024)**

1. उद्घाटन सत्र
2. पर्यवेक्षकों का प्रवेश
3. कार्यसूची और समय सारिणी को स्वीकृति
   3क. कार्यसूची को स्वीकृति
   3ख. समय सारिणी को स्वीकृति
4. विश्व धरोहर समिति के विस्तारित 45वें सत्र के प्रतिवेदक की रिपोर्ट (रियाद, 2023)
5. विश्व धरोहर केंद्र और सलाहकार निकायों की रिपोर्ट
   5क. विश्व धरोहर केंद्र की अपनी गतिविधियों और विश्व धरोहर समिति के निर्णयों के कार्यान्वयन पर रिपोर्ट
   5ख. सलाहकार निकायों की रिपोर्ट
   5ग. अफ्रीका में विश्व धरोहर के लिए रणनीति के कार्यान्वयन पर प्रगति रिपोर्ट
6. विश्व धरोहर से संबंधित श्रेणी 2 केंद्रों पर विश्व धरोहर क्षमता निर्माण रणनीति और प्रगति रिपोर्ट का अनुपालन
   6क. विश्व धरोहर से संबंधित क्षमता निर्माण गतिविधियाँ और विश्व धरोहर क्षमता निर्माण रणनीति का अनुपालन
   6ख. विश्व धरोहर से संबंधित श्रेणी 2 केंद्रों द्वारा विश्व धरोहर सम्मेलन के कार्यान्वयन से संबंधित गतिविधियों पर प्रगति रिपोर्ट
7. विश्व धरोहर संपत्तियों के संरक्षण की स्थिति
   7क. खतरे में विश्व धरोहर की सूची में अंकित विश्व धरोहर संपत्तियों के संरक्षण की स्थिति
   7ख. विश्व धरोहर सूची में अंकित विश्व धरोहर संपत्तियों के संरक्षण की स्थिति
8. नामांकन प्रक्रिया
   8क. 15 अप्रैल, 2024 तक सदस्य देशों द्वारा प्रस्तुत अनंतिम सूचियाँ
   8ख. विश्व धरोहर सूची के लिए नामांकन
   8ग. विश्व धरोहर सूची और खतरे में विश्व धरोहर की सूची का अद्यतन
   8घ. संबंधित देशों द्वारा संपत्ति की सीमाओं और क्षेत्रों का स्पष्टीकरण
   8ङ.. उत्कृष्ट सार्वभौमिक महत्व के पूर्वव्यापी वक्तव्यों की समीक्षा और अनुमोदन
9. प्रतिनिधि, संतुलित और विश्वसनीय विश्व धरोहर सूची के लिए वैश्विक रणनीति
   9क. अपस्ट्रीम प्रक्रिया
10. आवधिक रिपोर्ट
   10क. यूरोप और उत्तरी अमेरिका में आवधिक रिपोर्टिंग अभियान के तीसरे चक्र के परिणामों पर रिपोर्ट
   10ख. अफ्रीका **और अरब** देशों के तृतीय चक्र की कार्य योजना के कार्यान्वयन पर मध्य-वर्ती मूल्यांकन रिपोर्ट
   10ग. आवधिक रिपोर्टिंग के तीसरे चक्र के कार्यान्वयन पर रिपोर्ट और आवधिक रिपोर्टिंग पर सामान्य चिंतन
11. विश्व धरोहर समिति के विस्तारित 45वें सत्र द्वारा स्थापित ओपन-एंडेड वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट
12. अंतर्राष्ट्रीय सहायता
13. विश्व धरोहर निधि के दो वर्ष 2022-2023 की अंतिम लेखों का प्रस्तुतीकरण, दो वर्ष 2024-2025 की बजट निष्पादन पर रिपोर्ट, 45 COM 15 पर अनुवर्ती कार्रवाई
14. अन्य कार्य
15. विश्व धरोहर समिति के 47वें सत्र के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और प्रतिवेदक का चुनाव
16. विश्व धरोहर समिति के 47वें सत्र की अनंतिम कार्यसूची
17. निर्णयों को मंजूरी
18. समापन सत्र

*****